an>

title: Need to accord heritage status to the building of Central Railway Institute in Lonavala, Maharashtra and also set up a world class Railway Museum in the premises of the building.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) ः पुणे और मुम्बई इन दो बड़े शहरों के बीच मेरे संसदीय क्षेत्र मावल (महाराष्ट्र) के अंतर्गत लोनावाला हिल स्टेशन आता है। इस हिल स्टेशन का काफी पुराना इतिहास है। लोनावाला परिसर ""यादव साम्राज्य"" का एक भाग था, उसके बाद मुगलों ने इस परिसर का महत्व जानकर इसे दीर्घकाल तक संरक्षित रखा। मराठा साम्राज्य में भी लोनावाला एवं मावल एक महत्वपूर्ण परिसर था। लोनावाला के नजदीक ही कार्ला और भाजे कलात्मक आविष्कार का एक उच्चतम उदाहरण है1 पहली और पांचवी शताब्दी के बीच बनाई गई गुफाएं आज भी मौजूद हैं। अंग्रेज शासन में लोनावाला को हिल स्टेशन का दर्जा प्राप्त हुआ। इस लोनावाला में तकरीबन 135 साल पहले अंग्रेजों ने सेन्ट्रल रेलवे इंस्टीट्यूट की एक नायाब इमारत बनवाई थी। इस इमारत के इलाके में काफी सारी जमीन खाली पड़ी है। लोनावाला शहर में रेलवे का इन्टरनेशनल म्यूजियम बनने वाला था। इस विषय अनुरूप एक प्रदर्शनी भी लगवाई गई थी। इस म्यूजियम की वजह से बाधित होने वाले रेल कर्मचारियों के लिए अलग जगहों पर पांच इमारतें भी बनाई गई हैं।

मैं इस परिसर का सांसद होने के नाते माननीय रेलमंत्री जी से यह मांग करता हूँ कि सेन्ट्रल रेलवे इंस्टीट्यूट की 135 साल पुरानी इस इमारत को भारतीय पुरातत्व विभाग से हेरिटेज बिल्डिंग का दर्जा दिलाने के लिए उचित कार्रवाई करे और लोनावाला शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु इस हेरिटेज बिल्डिंग के साथ ही उसके परिसर में रेलवे का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का म्यूजियम बनाये, जिसमें भारतीय रेलवे की भूत, वर्तमान और भविष्य की प्रगति के साथ-साथ ""यादव साम्राज्य"" से आज तक लोनावाला शहर और परिसर के विकास की सारे बातें मौजूद हों। आज लोनावाला में भारतीय पर्यटक तो आते ही हैं, इस म्यूजियम के बनने के बाद विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भी बढ़ावा मिलेगा।